भारत सरकार - रेल मंत्रालय
अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन
लखनऊ - 226 011
EPBX (0522) 2451200
Fax (0522) 2458500

Government of India-Ministry of Railways
Research Designs & Standards Organisation
Lucknow - 226 011
DID (0522) 2450115
DID (0522) 2465310

## प्रेस विज्ञप्ति

# आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन

आर.डी.एस.ओ. के महानिदेशक श्री उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में दिनांक 19.12.2024 को आर.डी.एस.ओ. में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में महानिदेशक महोदय ने पिछली तिमाही में राजभाषा के प्रचार-प्रसार और राजभाषा में किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। महानिदेशक महोदय ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों से अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने का आग्रह किया।

आर.डी.एस.ओ. के मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ० वीणा कुमारी वर्मा ने समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए राजभाषा संबंधी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, लखनऊ द्वारा आयोजित छमाही बैठक में आर.डी.एस.ओ. को अप्रैल-सितंबर, 2024 के दौरान राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदत्त द्वितीय पुरस्कार को महानिदेशक महोदय के कर-कमलों द्वारा राजभाषा विभाग को प्रदान किया गया। साथ ही महानिदेशक महोदय द्वारा राजभाषा पत्रिका **"मानक रश्मि"** का विमोचन किया गया। राजभाषा अधिकारी श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा विषयगत तिमाही की राजभाषा से संबंधित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। आर.डी.एस.ओ. के श्री प्रवीण कुमार यादव, सहायक डिज़ाइन इंजीनियर/रेलपथ निदेशालय द्वारा **"टर्नआउट के माध्यम से लंबी वेल्डेड रेल की निरंतरता"** विषय पर प्रस्तुति राजभाषा में दी गयी । साथ ही, बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आरडीएसओ स्काउट गाइड के बच्चों द्वारा जनजातीय गौरव पर लघु नाटिका का मंचन किया गया, जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की।

---

सं पीआर/पब्लिसिटी /24/104 — दिनांक: 20.12.2024

कृपया उपरोक्त समाचार को फोटोग्राफ सहित अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें।

कृते कार्यकारी निदेशक/प्रशासन

सेवा में,

संपादक..